म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

कमांक–कय/27 पार्ट/586 भोपाल,दिनांक– 7/7/2018

## –: निविदा विज्ञप्ति :–

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के 26, अरेरा हिल्स किसान भवन भोपाल मुख्यालय एवं अन्य स्थानों पर स्थित A-4 साईज कम्प्यूटर प्रिंटर जिनमें **HP LaserJet 1020 (Mono), HP LaserJet 1022 (Mono), HP LaserJet 1007 (Mono), HP Laserjet 1320 (Mono), HP Laserjet All in one 1213 NF (Mono), HP Laserjet 1505 (Mono), HP Laserjet 3050 (Mono), Samsung LaserJet 1610 (Mono), Samsung LaserJet 1640 (Mono), Samsung LaserJet 2010 (Mono), Samsung LaserJet All in one 4521, Samsung LaserJet CLP 775 (Color), Canon LaserJet LBP 2900 (Mono), Canon LaserJet LBP 3108 (Mono), Canon Laser Jet LBP 3500 (Mono), Canon Laser Jet LBP 6108 (Mono), Canon Laserjet 5050 (Color), Canon LaserJet 6230DN, Canon LaserJet 3010, Canon LaserJet 237W** कार्ट्रेज रिफिलिंग एवं ड्रम बदलने आदि के कार्य हेतु जी.एस.टी. में पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक ...20/7/2018.. को दोपहर 3.00 बजे तक(तकनीकी एवं वित्तीय निविदायें पृथक–पृथक लिफाफे मे एवं दोनो लिफाफे एक बंद लिफाफे मे) कार्यालय में प्रस्तुत करें तथा उसी दिन उपस्थित निविदाकर्त्ता या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष दोपहर 4.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) दिनांक–7/7/18... से दिनांक– 19/7/18... तक राशि रूपये–2000.00 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। इच्छुक निविदाकारों द्वारा निविदा प्रपत्र की शर्तें एवं नियम को मण्डी बोर्ड की बेवसाइट www.mpmandiboard.gov.in पर भी देखा जा सकता है तथा प्रपत्र डाउनलोड कर निकाला जा सकता है। उक्त शर्तें निविदा फार्म मे भी विस्तृत रूप से उल्लेखित है।

प्रबंध संचालक

म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

क्रमांक–क्रय / 27 / 09 / भोपाल,दिनांक–

## –: निविदा की नियम एवं शर्ते :–

मण्डी बोर्ड मुख्यालय एवं अन्य स्थानो पर स्थित कम्प्यूटरों के प्रिंटर के कार्ट्रेज रिफिलिंग, ड्रम इत्यादि बदलने हेतु नियम एवं शर्ते निम्नानुसार है:–

1. दूरभाष में सूचित करने के पश्चात उसी दिनांक को तत्काल उपस्थित होकर रिफिलिंग या सुधार का कार्य अनिवार्य रूप से करना होगा।

2. बोर्ड के कम्प्यूटर के प्रिंटर जहां जहां स्थापित है जिसमें मंत्रालय, मण्डी बोर्ड मुख्यालय आदि स्थित प्रिंटरों में सूचना देने पर वहॉ पहॅुचकर रिफिलिंग आदि का कार्य किया जाना होगा।

3. दूरभाष में सूचित करने के उपरांत सूचना दिनांक को यदि नियत समय / अवधि में कार्य न होने पर रूपये 200.00 प्रतिदिन का कटौत्रा किया जायेगा।

4. निविदाकार फर्म को उक्त कार्य का विगत 03 वर्षो का शासकीय / अर्धशासकीय कार्यालयों में कार्य का अनुभव होना चाहिए जिसके तहत प्रमाण स्वरूप विगत वर्षो में केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभाग / उपक्रम / संस्थायें आदि में किये गये कार्यो की कार्यादेश की प्रति तथा विवरण प्रस्तुत करना होगा।

5. निविदाकार कंपनी का भोपाल शहर में कार्यालय / प्रतिनिधी होना अनिवार्य है।

6. निबिदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्ते मण्डी बोर्ड की बेवसाइट www.mpmandiboard.gov.in पर भी उपलब्ध है, निविदा प्रपत्र / निविदा की शर्ते उक्त बेबसाइट से ड़ाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकते है। इस प्रकार की निविदा में भाग लेने के लिए निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 2000=00 बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा यह बैंक ड्राफ्ट लेखाधिकारी, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नाम से बनाया जायेगा तथा यह ड्राफ्ट लिफाफा क्रमांक एक में धरोहर राशि के साथ रखा जावेगा। बिना निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर राशि की एफ.डी. आर के संलग्न किये बिना प्रस्तुत की गई निविदा अमान्य कर दी जावेगी उपरोक्त स्थिति में तकनीकी बिड तथा फायनेंशियल बिड का लिफाफा नहीं खोला जावेगा अर्थात उन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

7. विभाग से प्राप्त या बेबसाइड से डाउनलोड कर निकाले गये निविदा प्रपत्र में ही दरें स्याही, जाटर पेन या टाईप से भरी जावे। किसी भी दशा में पेन्सिल से अंकित दरें मान्य नहीं की जावेगी। निविदा पर ऊपरी लेखन (Over writing) या सफेदा पर लेखन मान्य नहीं होगा तथा सुधार हेतु काटकर लिखी गई दरों की जगहों पर निविदाकर्ता हस्ताक्षर अवश्य करें, अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जावेगी।

8. संस्था का सक्षम कार्यालय से व्यवसाय करने का पंजीयन प्रमाण पत्र एवं जी.एस.टी.एन नम्बर का वैध प्रमाण–पत्र होना चाहिए।

9. स्वीकृत निविदाकार कंपनी को कम से कम एक वर्ष तक स्वीकृत दरों पर कार्य करना होगा, कार्य संतोषजनक नही पाये जाने पर तत्काल नोटिस देकर कार्य बंद करने का अधिकार प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर आपसी सहमति के आधार पर एक–एक वर्ष के लिये अधिकतम दो बार अवधि बढाई जा सकती है।

10. संस्था को निविदा डालते समय राशि रूपये 5,000/– (रूपये पांच हजार मात्र) की एफ.डी.आर. लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल के नाम एवं अमानत राशि के रूप में निविदा स्वीकृत होने पर राशि रूपये 10000/– (रूपये दस हजार मात्र) की एफ.डी.आर. इस प्रकार कुल राशि रूपये 15000/– (रूपये पन्द्रह हजार मात्र) की एफ.डी.आर. धरोहर राशि के रूप में बोर्ड कार्यालय में जमा रखना अनिवार्य रहेगा।

11. सफल निविदाकर्ता द्वारा रूपये 15000/– (रूपये पन्द्रह हजार मात्र) की पृथक–पृथक एफ.डी.आर. धरोहर के रूप में जो लेखाधिकारी मण्डी बोर्ड के नाम से जमा रहेगी, जो अनुबंध अवधि यदि किन्ही परिस्थितियों में बढ़ाई गई हो तो उसे शामिल करते हुए की समाप्ति पर वापसी योग्य होगी। इस राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। अगर अनुबंध की समाप्ति पर बोर्ड की कोई राशि वसूल करने हेतु निकलती है तो वह राशि काटकर शेष राशि उसे वापस मिल सकेगी।

12. देयकों का भुगतान देयक प्रस्तुत होने पर अधिकतम एक माह की अवधि में किया जावेगा।

13. **प्रथम लिफाफे** में धरोहर राशि की एफ.डी.आर तथा निविदा प्रपत्र बेबसाईड से डाउनलोड किये जाने पर निविदा प्रपत्र की राशि का बैंक ड्राफ्ट तथा **द्वितीय लिफाफा** तकनीकी विड का लिफाफा होगा जिसमें निविदा दस्तावेज के साथ प्रदत्त तकनीकी विड का फार्म पूर्ण कर वाणिज्यकर का प्रमाण–पत्र, फर्म कंपनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण –पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, एवं प्रदायकर्ता के स्थायी निवास एवं फर्म का पता द्वितीय लिफाफे की शर्ते पूर्ण नहीं होने पर तृतीय लिफाफा नहीं खोला जावेगा। तथा **तृतीय लिफाफा** फायनेशियल विड का

लिफाफा होगा । निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत प्रपत्र मे ही दरें स्पष्ट अक्षरों मे प्रपत्र पूर्ण कर प्रस्तुत करना है । तथा दरों मे सभी कीमतें जिसमे यदि कोई टैक्स एवं अन्य खर्चो इत्यादि जोड़ने के बाद शुद्व मूल्य लिखा जावें ,यदि दरें लिखने मे ओवरराइटिंग होती है तो नीचे शब्दो मे भी लिखे ,साथ ही निर्धारित स्थान पर ही केवल शुद्व मूल्य लिखे।

14. निविदा के प्रत्येक पेज पर एवं सलग्न दस्तावेजों पर निविदाकार द्वारा हस्ताक्षर कर कार्यालयीन सील लगायी जाये।

15. जिस फर्म की मेक एवं मॉडल का प्रिंटर काट्रेज रिफलिंग, ड्रम आदि में जिस निविदाकार की अधिकतम न्यूनतम दरें प्राप्त होगी उसे उस मेक एवं मॉडल का समस्त कार्य देने पर विचार किया जायेगा।

16. काट्रेज रिफिलिंग, ड्रम इत्यादि बदलने हेतु प्रिंटरों की संख्या को घटाया/बढ़ाया जा सकता है।

17. निवदाकार को निविदा में कोई शर्त शामिल नहीं करनी चाहिए सशर्त निविदा विचार योग्य नहीं होगी।

18. सफल निविदाकर्ता की दरें स्वीकृत की जावेंगी उन्हें 15 दिवस के अंदर रुपये 1000/-(रू. एक हजार मात्र) के Non judicial stamp (संबंधित संस्था को लाना होगा) पेपर पर अनुबंध करना होगा। अनुबंध की शर्तें मण्डी बोर्ड भोपाल की रहेगी। अनुबंध की अवधि अनुबंध होने के दिनांक से एक वर्ष की रहेगी। कार्य की गुणवत्ता संतोषप्रद नहीं होने पर तत्काल नोटिस देकर कार्य बंद करने का अधिकार प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर आपसी सहमति के आधार पर एक-एक वर्ष के लिये अधिकतम दो बार अवधि बढ़ाई जा सकती है।

19. कम्प्यूटर/प्रिंटर एवं काट्रेज टोनर रिफिलिंग/ड्रम की दुरूस्ती आदि हेतु बदले जाने वाले पार्टस फर्म के पास अग्रिम रूप से उपलब्ध रहना चाहिए तथा वे उत्तम क्वालिटी के एवं संबंधित उपकरण में लगने वाले पार्टस ओरिजनल हो। जिसका आशय यह है कि जिस कंपनी का उपकरण है पार्टस भी उसी कंपनी के होना चाहिए।

20. निविदायें दिनांक-20/7/2018 को दोपहर 3.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी उक्त निविदाएं कार्यालय में रखे गये टेण्डर बॉक्स में नियत तिथी एवं समय तक डाली जाना अनिवार्य है। साथ ही स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी नियत तिथि एवं समय पर स्वीकार की जाकर टेण्डर बॉक्स में डाली जावेगी। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात् स्पीड पोस्ट से प्राप्त होने वाली निविदाएं स्वीकार नहीं होंगी। अतः यह निविदाकार का दायित्व होगा की वे अपनी निविदा नियत दिनांक एवं समय तक बोर्ड मुख्यालय को प्राप्त हो जावे। तथा

नियत तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 4.00 बजे निविदाकर्ताओं अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोली जायेगी।

21. बिना कोई कारण बताये निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने के पूर्ण अधिकार प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल के पास सुरक्षित रहेगें।

22. अनुबंध के पश्चात् किसी भी विवाद में प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा एवं विवाद होने की स्थिति में क्षेत्राधिकार जिला सत्र न्यायलय, भोपाल रहेगा ।

23. अनुबंध होने के पश्चात् किसी भी कंडिका का उल्लघंन किये जाने पर जमाशुदा अमानत राशि बोर्ड हित में जप्त की जाकर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी जिसका समस्त उत्तरदायित्व निविदाकार फर्म का होगा।

24. निविदा प्रपत्र कार्यालय की भण्डार शाखा से दिनांक—7/7/2018 से दिनांक—19/7/2018 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में रूपये 2,000/— (रूपये दो हजार मात्र) नगद जमा करा कर प्राप्त किये जा सकते है।

## सहमति घोषणा पत्र

मैंने निविदा प्रपत्र में दी गई सभी शर्तें ध्यानपूर्वक पढ़ लीं हैं और मैं सभी शर्तों पर उक्त कम्प्यूटरों प्रिंटरों की रिफलिंग आदि का कार्य करने के लिये सहमत हूँ। निविदा प्रपत्रों में दी गई शर्तों के अनुसार चाहे गये दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज कम होने पर निविदा को अमान्य किये जाने की शर्त मुझे स्वीकार है तथा इसके विरूद्ध मेरे द्वारा किसी भी प्रकार का दावा प्रस्तुत नहीं किया जावेगा ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..........................................

निविदाकर्ता का नाम ..................................................

निविदाकर्ता की फर्म का नाम ..................................

निविदाकर्ता के पत्र व्यवहार का पता ....................

..............................................................................................

..............................................................................................

E-mail Address ..............................................

Telephone/Mobile No. ..................................

म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26 अरेरा हिल्स किसान भवन जेल रोड भोपाल

—: फायनेंशियल विड :—

रिफलिंग एवं ड्रम बदलने बावत्

| क्र | कार्य का नाम (प्रिन्टर **A4** साईज ) | प्रिंटरो की संख्या | रिफिलिंग प्रति नग | ड्रम प्रति नग | पी.सी.आर रोलर प्रति नग | मेग्नेटिक रोलर प्रति नग | पिकअप रोलर प्रति नग | कार्ट्रेज चिप प्रति नग | क्लीनिग ब्लेड प्रति नग | प्रेशर रोलर प्रति नग | डॉक्टर ब्लैड प्रति नग | टेफलॉन पेपर प्रति नग | हीटिंग एलीमेंट प्रति नग | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **HP LaserJet 1020 (Mono)** | 33 | | | | | | | | | | | | |
| 2 | **HP LaserJet 1022 (Mono)** | 4 | | | | | | | | | | | | |
| 3 | **HP LaserJet 1007 (Mono)** | 11 | | | | | | | | | | | | |
| 4 | **HP Laserjet 1320 (Mono)** | 1 | | | | | | | | | | | | |
| 5 | **HP Laserjet All in one 1213 NF (Mono)** | 1 | | | | | | | | | | | | |
| 6. | **HP Laserjet 1505 (Mono)** | 1 | | | | | | | | | | | | |
| 7. | **HP Laserjet 3050 (Mono)** | 1 | | | | | | | | | | | | |
| 8 | **Samsung LaserJet 1610 (Mono)** | 11 | | | | | | | | | | | | |
| 9 | **Samsung LaserJet 1640 (Mono)** | 10 | | | | | | | | | | | | |
| 10 | **Samsung LaserJet 2010 (Mono)** | 5 | | | | | | | | | | | | |
| 11 | **Samsung LaserJet All in one 4521** | 3 | | | | | | | | | | | | |
| 12 | **Samsung LaserJet CLP 775 (Color)** | 3 | | | | | | | | | | | | |
| 13 | **Canon LaserJet LBP 2900 (Mono)** | 5 | | | | | | | | | | | | |
| 14 | **Canon LaserJet LBP 3108 (Mono)** | 4 | | | | | | | | | | | | |
| 15 | **Canon Laser Jet LBP 3500 (A3) (Mono)** | 1 | | | | | | | | | | | | |
| 16 | **Canon Laser Jet LBP 6108 (Mono)** | 10 | | | | | | | | | | | | |
| 17 | **Canon Laser Jet LBP 5050 (Color)** | 2 | | | | | | | | | | | | |
| 18 | **Canon Laser Jet LPB 6230DN** | 5 | | | | | | | | | | | | |
| 19 | **Canon Laser Jet LBP Three in One 3010** | 3 | | | | | | | | | | | | |
| 20. | **Canon Laser Jet LBP All in One 237W** | 4 | | | | | | | | | | | | |

म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स किसान भवन जेल रोड भोपाल

# –: तकनीकी विड :–

| क्रं. | तकनीकी विवरण | डाकू मेंन्टस संलग्न है / नही | कुल संलग्न पत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | फर्म कंपनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र | | |
| 2. | कंपनी / फर्म का जी.एस.टी. नम्बर का बेध प्रमाण पत्र | | |
| 3. | अन्य शासकीय / अर्धशासकीय विभागों में किये गये कार्यो के कार्यादेश | | |
| 4. | धरोहर राशि रूपये 5,000.00 की एफ.डी.आर. | | |
| 5. | संस्था का भोपाल में कार्यालय का पता फोन नं. सहित | | |
| 6. | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 2,000.00 का बैंक ड्राफ्ट यदि निविदा प्रपत्र बेवसाइट से डाउनलोड किया गया है। यदि कार्यालय से क्रय किये जाने पर रसीद क्रमांक ............... दिनांक ..................... | | |

हस्ताक्षर

फर्म का नाम :
पता / स्थायी निवास का पता :
फोन नं0 / मो.नं0 :